उत्तर प्रदेश मेडिकल कौंसिल

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024461
Website:www.upmedicalcouncil.org Email:upmedicalcouncil@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–12243/22 दिनांक 20/12/2022

सेवा में,

डीन / प्रधानाचार्य,
समस्त मेडिकल कॉलेज,
उत्तर प्रदेश।

विषय–विदेशों से उत्तीर्ण (FMG) छात्रों के इन्टर्नशिप के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में समस्त मेडिकल कॉलेजों को निर्देशित किया जाता है कि विदेशों से उत्तीर्ण छात्रों के इन्टर्नशिप हेतु आवंटन राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली के गजट नोटिफिकेशन संख्या–सी.जी.–डी.एल.–ई. 22112021–231275 दिनांक 18.11.2021 एवं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या–एम.ई.–3 / 2022 / 2580 दिनांक 09.11.2022 के अनुपालन में उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा प्रारम्भ किया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में आपको सूचित कराना है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली के गजट नोटिफिकेशन दिनांक 18.11.2021 के क्रम में आपके संस्थान में (FMG) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के इन्टर्न 7.5 प्रतिशत सीटे आरक्षित है। जिसके लिए छात्र से किसी प्रकार का शुल्क कॉलेज द्वारा नहीं लिया जाएगा, (संलग्न–गजट नोटिफिकेशन)। साथ ही कार्यालय को यथाशीघ्र विदेशों से उत्तीर्ण छात्रों के लिए आरक्षित इन्टर्नशिप सीटों की उपलब्धता सुनिश्चित कर इस कार्यालय को शीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें। जिससे उक्त छात्रों के इन्टर्नशिप आवंटन का कार्य सुचारू रूप अतिशीघ्र प्रारम्भ किया जा सके।

इन्टर्नशिप प्रशिक्षण का आदेश उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा निर्गत किया जाएगा। अभ्यर्थी को इन्टर्न ज्वाइनिंग के समय रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा जारी आदेश पत्र पंजीकरण एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्रों के अवलोकन करने के उपरान्त ही इन्टर्नशिप करने हेतु नियुक्ति प्रदान करें एवं रिक्त सीटों की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल।